शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल – नियम (click for rules in English)

शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल में आपका स्वागत है। इस मनोरंजक और शैक्षिक खेल को खेलने बहुत आसान है। खेल का लक्ष्य - ज़्यादा से ज़्यादा मान्य शब्द, एक ही समूह में व एक दूसरे से जुडे बनाकर, अधिक से अधिक अंक प्राप्त करना। नीचे लिखे नियमों को पढ़ें। ...और क्योंकि शब्द, अभिव्यक्ति के रंग हैं... जी भर के खेलें और शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल का आनन्द उठाएँ ! नियम का विडीओ देखें - क्लिक करें

If you cannot read the Hindi text above, then your computer needs to be configured for Indic languages.
Please click on this link to know how to do so… http://en.wikipedia.org/wiki/Help:Multilingual_support_(Indic)
After configuration, you will be able to read most Indian languages on websites.

खेल के नियम
खेल के स्तर
मात्राओं का प्रयोग
आधे अक्षरों का प्रयोग
रिक्त चिह्न का प्रयोग
उदाहरण

मान्य व अमान्य शब्द
नियम का विडियो
अंक योजना
इंग्लिश असिस्ट
शब्दकोशिश चुनौती
शब्दकोशिश का तबब व मुख्य आभार

प्रस्तुतकर्ता

हिन्दी.शब्दकोशिश.कॉम

हिन्दी में समकालीन अभिव्यक्ति

शब्दकोशिश™ shabdkoshish

खेल के नियम

शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल को खेलने के तीन सरल क़दम

१ – – www.hindi.shabdkoshish.com - पर, **खेलें** पर क्लिक

२ – स्तर चुनें

३ – खेलपृष्ठ पर खेलना आरम्भ करें।

खेल का लक्ष्य - ज़्यादा से ज़्यादा मान्य शब्द, एक ही समूह में व एक दूसरे से जुडे बनाकर, अधिक से अधिक अंक प्राप्त करना।

सर्वप्रथम, गृहपृष्ठ – www.hindi.shabdkoshish.com - पर जाकर **खेलें** पर क्लिक करें। खेलपृष्ठ खुल जाएगा जहाँ आप खेल स्तर चुन पायेंगे।

शीर्ष

खेल के स्तर - खेल के चार स्तर दिखाई देंगे, सरल, मध्यम, कठिन और प्रतियोगिता। रुचि अनुसार किसी भी स्तर का चुनाव कर सकते हैं। मध्यम, कठिन और प्रतियोगिता स्तर चुनने के बाद बीप की चार छोटी और एक लंबी ध्वनि के साथ ५ सेकण्ड का समय परिकलन होगा, उसके बाद खेल शुरु कर सकते हैं। ऐसे ही खेल समाप्त होने के ५ सेकण्ड पहले बीप की ध्वनि के साथ खेल समाप्त होने की जानकारी मिल जाएगी।

सरल खेल स्तर में अनगिनत मात्राओं व आधे अक्षरों का प्रयोग कर सकते हैं, तथा कोई समय सीमा तय नही होगी। इस खेल स्तर में आसान अक्षर अक्षर मिलेंगे। एक दूसरे से जुड़े, एक ही समूह में बनाये गये सारे मान्य शब्द (बायें से दायें व ऊपर से नीचे) को ही अंक मिलेंगे। खेल के दौरान किसी भी समय, **अंक** पर **क्लिक** कर, मान्य व अमान्य शब्दों की सूची व अंको की जाँच कर सकते हैं।

मध्यम खेल स्तर में, अनगिनत मात्राओं व आधे अक्षरों का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन समय सीमा २ मिनट निर्धारित होगी। बीप की ध्वनि द्वारा यह संकेत मिलेगा कि दिया गया समय, शुरु और समाप्त होने वाला है। मध्यम खेल स्तर में कुछ कठिन अक्षर होंगे। एक दूसरे से जुड़े, एक ही समूह में बनाये गये सारे मान्य शब्द (बायें से दायें व ऊपर से नीचे) को ही अंक मिलेंगे। किसी एक गलत शब्द से जुड़े सारे शब्द अमान्य होंगे। खेल के दौरान किसी भी समय, **अंक** पर **क्लिक** कर, मान्य व अमान्य शब्दों की सूची व अंको की जाँच कर सकते हैं।

शीर्ष

कठिन खेल स्तर में, मात्राओं व आधे अक्षरों की संख्या ०-६ होगी, और समय सीमा २ मिनट निर्धारित होगी। बीप की ध्वनि द्वारा यह संकेत मिलेगा कि दिया गया समय, शुरु और समाप्त होने वाला है। कठिन खेल स्तर में कठिन अक्षरों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक होगी। एक दूसरे से जुड़े, एक ही समूह में बनाये गये सारे मान्य शब्द (बायें से दायें व ऊपर से

शब्दकोशिश™ प्रणाली पर आधारित . सर्व अधिकार सुरक्षित व पंजीकृत ©&™ - औशिम घोष, नई दिल्ली, भारत
इनफ़ोबान सॉफ्टेक द्वारा संचालित | अभिकल्पना व अवयव- पीच कम्यूनिकेशन्ज़

नीचे) को ही अंक मिलेंगे। किसी एक गलत शब्द से जुड़े सारे शब्द अमान्य होगें। खेल के दौरान किसी भी समय, **अंक** पर **क्लिक** कर, मान्य व अमान्य शब्दों की सूची व अंको की जाँच कर सकते हैं। पंजीकरण करने के बाद "मेरा खाता" समायोजन में जाकर, कठिन खेल में अपनी समय-सीमा निर्धारित कर सकते हैं।
पंजीकरण करने व इसके लाभ जानने के लिए यहाँ क्लिक करें।

प्रतियोगिता खेल स्तर में, समय सीमा २ मिनट निर्धारित होगी, अनगिनत मात्राओं व आधे अक्षरों का प्रयोग कर सकते हैं। बीप की ध्वनि द्वारा यह संकेत मिलेगा कि दिया गया समय, शुरु और समाप्त होने वाला है। अधिक कठिन अक्षर शामिल होंगे। एक ही समूह में, बायें से दायें व ऊपर से नीचे, एक दूसरे से जुड़े बनाये गये सभी मान्य शब्दों को ही अंक मिलेंगे। एक गलत शब्द से जुड़े, दुसरे शब्द को अंक नही मिलेंगे। साथ ही, खेल के दौरान कोई लिंक उपलब्ध नही होगा। आप अपने अंको, और मान्य व अमान्य शब्दों की जाँच नही कर सकते। खेल समाप्त होने पर, सारे अक्षर व चिह्न अदृश्य हो जायेंगे, सिर्फ आपके द्वारा प्राप्त अंक दिखाई देंगे। दिए गए अंक अंतिम व अविवादास्पद होंगे।

शीर्ष

स्तर चुनने के बाद स्क्रीन पर १८ विभिन्न चिह्न दिखाई देगें। इन में चार प्रकार के चिह्न मिल सकते हैं।

११-१६ अक्षर  आदि, ०-५ रिक्त चिह्न 

१ सर्व आधा अक्षर चिह्न और १ सर्व मात्रा चिह्न -

इन्ही १८ चिह्नों के प्रयोग से, खेल-नियमानुसार, शब्द बनाने हैं।

उदाहरण

शीर्ष

खेल का आरम्भ
आपके पहले शब्द का पहला अक्षर या चिह्न, बीच के ग़ुलाबी चौकोर खाने में पड़ना चाहिए। कोशिश करें कि पहला शब्द बड़ा बने जिससे अन्य शब्द बनाने में आसानी हो। शब्द एक दूसरे से जुड़े हों तो ज़्यादा अंक मिलने की सम्भावना है। **खेल का लक्ष्य - ज़्यादा से ज़्यादा मान्य शब्द, एक ही समूह में एक दूसरे से जुड़े, बनाकर अधिक से अधिक अंक प्राप्त करना।**



मात्राओं का प्रयोग

सर्व मात्रा चिह्न - 'सर्व मात्रा चिह्न' पर क्लिक करने से, सब मात्राएँ दिखाई देंगी। आवश्यकतानुसार मात्रा का चुनाव करके, किसी भी मात्रा को खींचकर(ड्रैग), मन चाहे व्यंजन पर छोड़कर(ड्रॉप), मात्रा युक्त व्यंजन बनाये जा सकते हैं। आप जिस भी अक्षर पर मात्रा लगाना चाहते हैं, उस मात्रा को खींचकर अक्षर के ऊपर छोड़ दें, मात्रा उस अक्षर के ऊपर स्वयं लग जायेगी।

उदाहरण -  + =

शीर्ष

शब्दकोशिश™ प्रणाली पर आधारित . सर्व अधिकार सुरक्षित व पंजीकृत ©&™ - औशिम घोष, नई दिल्ली, भारत
इनफ़ोबान सॉफ्टेक द्वारा संचालित | अभिकल्पना व अवयव- पीच कम्यूनिकेशन्ज

आधे अक्षरों का प्रयोग

सर्व आधा अक्षर चिह्न - 'सर्व आधा अक्षर चिह्न' पर क्लिक करने से, सब आधे अक्षर दिखाई देगें। आवश्यकतानुसार आधे अक्षर का चुनाव करके, किसी भी आधे अक्षर को खींचकर(ड्रैग), मन चाहे व्यंजन पर छोड़कर(ड्रॉप), संयुक्त अक्षर बनाये जा सकते हैं।

उदाहरण - **'समाप्त'** शब्द बनाने के लिए - पूरा **स** + पूरा **म** + ा की मात्रा + आधा **प** + पूरा **त** + = **समाप्त**



[शीर्ष]



रिक्त चिह्न का प्रयोग

'रिक्त चिह्न' सब अक्षर व चिह्नों का प्रतिनिधि चिह्न होता है। अर्थात रिक्त चिह्न पर क्लिक करने से सर्व अक्षर चिह्न, सर्व मात्रा चिह्न, व सर्व आधा अक्षर चिह्न की गोटियाँ प्रकाशित हो जायेंगी। आवश्यकतानुसार किसी भी प्रकाशित गोटी पर क्लिक करने से, उससे जुडे आधे अक्षर, मात्रा चिह्न या सर्व अक्षर, प्रयोग कर सकते हैं।

उदाहरण

[शीर्ष]

उपरोक्त गोटियों पर अंकित, अक्षरों और चिह्नों के प्रयोग से बने शब्द, बायें से दायें और ऊपर से नीचे, एक दूसरे से जुड़े, एक ही समुह में, सही व मान्य होने चाहिए।

'समाप्त' शब्द बनाने के लिए **स** और **म** ऊपर दिए गये अक्षरों से, आधा **प** आधा अक्षर चिह्न से, व **त** रिक्त चिह्न द्वारा लिया गया है।



- **यदि** आपने किसी गलत अक्षर या चिह्न का चुनाव करते हैं, तो आप अपनी चयनित गोटी पर माऊस द्वारा **राइट क्लिक** कर, **undo move** चुनें।
- किसी भी समय, यदि आप इन्ही गोटियों सहित खेल को नए सिरे से खेलना चाहते हैं, तो आप खेलपृष्ठ पर माऊस द्वारा **राइट क्लिक** कर, **reset game** चुनें।
- खेल के दौरान किसी भी समय, **खेल समाप्त** पर **क्लिक** कर खेल समाप्त सकते हैं। खेल समाप्त हो जाएगा, और आपके अंक व मान्य-अमान्य शब्द दर्शाये जायेंगे।
- प्रतियोगिता खेल स्तर के अलावा किसी भी स्तर में, किसी भी समय, **नया खेल** पर **क्लिक** कर, नया खेल शुरू कर सकते हैं, व नया स्तर चुन सकते हैं।

[शीर्ष]

मान्य व अमान्य शब्द - शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल के नियमानुसार, केवल मान्य शब्दों के अंक गिने जायेंगे। व्यक्तिवाचक संज्ञायें मान्य नही हैं। शब्दों की सही वर्तनी की जाँच, हमारे शब्द कोश में उपलब्ध शब्दों से होगी। केवल हमारे शब्द कोश में उपलब्ध शब्दों को मान्य माना जाएगा।

शब्द कोश - शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल के नियमानुसार, केवल हमारे शब्द कोश में उपलब्ध शब्दों को मान्य माना जाएगा। इस समय हमारे कोश में लगभग ८०,००० अद्वितीय शब्द हैं, बिना व्यक्तिवाचक संज्ञायें। इस कोश को बेहतर करने व बढ़ाने हेतु, हम निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। यदि कुछ शब्द छूट गये हैं, तो हमें क्षमा करें। हम आपके सुझावों का अभिनंदन करते हैं।

प्रतियोगिता खेल स्तर के अलावा किसी भी स्तर में, **अंक** पर **क्लिक** करने से, मान्य व अमान्य शब्द दर्शाये जायेंगे।

शब्दकोशिश™ प्रणाली पर आधारित . सर्व अधिकार सुरक्षित व पंजीकृत ©&™ - औशिम घोष, नई दिल्ली, भारत
इनफ़ोबान सॉफ्टेक द्वारा संचालित | अभिकल्पना व अवयव- पीच कम्यूनिकेशन्ज़

व्यक्तिवाचक संज्ञायें - शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल के नियमानुसार, व्यक्तिवाचक संज्ञायें - व्यक्ति, देश, शहर अथवा नदियों आदि के नाम, जो अपने रूप के अतिरिक्त प्रयोग में नही आते, मान्य नही हैं। जैसे कि भारत, गंगा, हिमालय, राम, शिव, डिसूज़ा, अहमदाबाद, अमेरिका आदि।

कुछ व्यक्तिवाचक संज्ञाओं का अपने रुप के अलावा भी अन्य अर्थ होता है। जैसे कि 'काली' एक नदी, और एक देवी या व्यक्ति का नाम है। पर इस व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग एक **रंग** के विवरण में भी किया जाता है। इस कारण शब्दकोशिश™ हिन्दी ऑनलाइन शब्दखेल के नियमानुसार 'काली', मान्य है।

कुछ मान्य व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के उदाहरण -

माला - एक व्यक्तिवाचक संज्ञा, अन्य अर्थ (हार, गजरा, श्रेणी या पंक्ति)

अरुण - एक व्यक्तिवाचक संज्ञा, अन्य अर्थ (लाल रंग का, प्रातःकालीन सूर्य)

शर्मा- एक व्यक्तिवाचक संज्ञा, अन्य अर्थ (शरम, हया) इत्यादि।

आपकी मदद के लिए व्यक्तिवाचक संज्ञाओं का एक लिंक दिया गया है।

http://hi.bharatdiscovery.org/india/संज्ञा_(व्याकरण)

खेल को भली-भाँति समझाने के लिए हमनें कुछ निर्देशात्मक विडियो बनाये हैं, जो दाँयी ओर दिए लिंक पर उपलब्ध हैं।	**विडियो लिंक** शीर्ष

अंक योजना –

- केवल मान्य शब्दों के अंक गिने जायेंगे। (पहले व्याख्या की गई है)
- शब्दों की सही वर्तनी की जाँच, हमारे शब्द कोश में उपलब्ध शब्दों से होगी।
- केवल हमारे शब्द कोश में उपलब्ध शब्दों को मान्य माना जाएगा।
- प्रत्येक अक्षर के अंक टाइल पर प्रदर्शित हैं।
- सर्व मात्रा चिह्न व सर्व आधा अक्षर चिह्न के २ अंक हैं।
- रिक्त चिह्न को अंक प्राप्त नही है, इसलिए रिक्त चिह्न अन्तर्गत, कोई भी अक्षर, आधा अक्षर या मात्रा चिह्न प्रयोग करने पर कोई अंक नही मिलेगा।
- किसी भी अक्षर के साथ मात्रा या आधे अक्षर प्रयोग करने पर उनके अंक उसी समय अक्षर के साथ जुड़ते जाएगें।
- गोटियों पर अंकित, अक्षरों और चिह्नों के प्रयोग से बने शब्द, बायें से दायें और ऊपर से नीचे एक दूसरे से जुड़े, एक ही समुह में सही व मान्य होने चाहिए।
- यदि आपने खेलपृष्ठ पर शब्दों के एक से ज्यादा समुह बना लिए, तो जिस भी शब्द-समुह के अंक अधिक होगें, आपको उसी समुह के अंक मिलेगें।
- प्रतियोगिता स्तर के अतिरिक्त, अन्य खेल स्तर के दौरान किसी भी समय, **अंक** पर **क्लिक** कर, मान्य व अमान्य शब्दों की सूची व अंक देख सकते हैं।
- यदि, आपने दिए गए सभी अक्षर प्रयोग करके एक ही समुह में सही व मान्य शब्द बना लिए तो आपको अतिरिक्त २० अंक अधिलाभांश के रूप में प्राप्त होगें।
- हमारी खेल प्रणाली के आधार पर दिए गए अंक, अंतिम व अकाट्य माने जायेंगे।

शीर्ष

इंग्लिश असिस्ट - यदि आप खेल से जुडी जानकारी अंग्रेजी में जानना चाहते हैं, तो 'इंग्लिश असिस्ट टूल' आपकी सहायता करेगा। इसके लिए खेल शुरु करने से पहले 'इंग्लिश असिस्ट टूल' पर जाकर क्लिक करने से, जानकारी का हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद हो जाएगा।

शब्दकोशिश चुनौती ऑनलाइन शब्दखेल प्रतियोगिता

शब्दकोशिश चुनौती, संसार की सर्वप्रथम ऑनलाइन शब्दखेल प्रतियोगिता है, जहाँ अनगिनत खिलाड़ी एक ही समय उसी दिन, वही खेल एक साथ खेल सकते हैं।

शब्दकोशिश चुनौती का शुभारंभ, १४ सितम्बर २०१२ को हिन्दी दिवस के अवसर पर, निर्धारित किया गया है।

भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को पंजीकृत सदस्य बनना आवश्यक है।

पंजीकरण करने और पंजीकरण के लाभ जानने के लिए यहाँ क्लिक करें।

खिलाड़ी, हमारी साइट www.hindi.shabdkoshish.com पर उपलब्ध, निःशुल्क ऑनलाइन खेल के "प्रतियोगिता स्तर " का चुनाव कर, चुनौती का अभ्यास कर सकते हैं।

शब्दकोशिश चुनौती, के नियमों को विस्तार से पढ़ने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें।
http://www.hindi.shabdkoshish.com/ShabdkoshishChunoutiRules_Hindi&Eng.pdf

समय-समय पर प्रतियोगिताओं की घोषणा की जाएगी। पंजीकृत सदस्यों को इसकी सूचना ईमेल द्वारा दी जाएगी।

आगामी प्रतियोगितओं के कार्यक्रम (तिथि व समय) देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें।
http://www.hindi.shabdkoshish.com/competition/forthcoming

शीर्ष

शब्दकोशिश™ प्रणाली पर आधारित . सर्व अधिकार सुरक्षित व पंजीकृत ©&™ - औशिम घोष, नई दिल्ली, भारत
इनफ़ोबान सॉफ्टेक द्वारा संचालित | अभिकल्पना व अवयव- पीच कम्यूनिकेशन्ज़